## सार-समाचार

### नेटबॉल में अजीतगढ़ का परचम

**भीम**, (नि.सं.)। 33 वी जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के चौथे दिन समापन समारोह के कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख प्रवेश कुमार सालवी थे। कार्यक्रम पीईईओ मगन सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समस्त विजेता एवं उपविजेताओं को मुख्य अतिथि एवं भामाशाह द्वारा ट्रॉफी एवं पारितोषिक वितरण किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में अजीतगढ़ के छात्र-छात्रा शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 वर्षीय छात्र वर्ग में उपविजेता रहे,17 वर्षीय छात्र एवं छात्रा वर्ग दोनों में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में उपविजेता रही, 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में राउमावि लालपुरा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी प्राप्त की । इस अवसर पर समस्त भामाशाह एवं कार्यकर्ताओं का माला एवं साफाओं से स्वागत किया गया और समस्त प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों अधिकारियों एवं शारीरिक शिक्षकों गौतम वैष्णव विकास परिहार कैलाश सालवी, दीपक मुकेश कुमार सिंघानिया, राकेश कुमार गोस्वामी,राजकरण भादू, कानाराम गोस्वामी,मदन लाल भाट, तारु सिंह, देवेंद्र सालवी , मोहनलाल सालवी,राजू सिंह, नरेश कुमार आहूजा, दीपक सिंह प्रकाश लोहार, नवरत्न मल, उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**मंडफिया**,(नि.सं.)। मण्डफिया न्यायालय परिसर में ताल्लुका विधिक सेवा समिति निम्बाहेड़ा के तत्वाधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मण्डफिया व ग्राम न्यायालय भदेसर से संबधित प्रकरण रखे गए। बैंच की अध्यक्षता मंडफिया न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास कुमार अग्रावत ने की एवं भदेसर तहसीलदार हेमेन्द्र कुमार मीना सदस्य थे। दोनों न्यायालयों से संबंधित कुल 53 पुराने प्रकरणों का निस्तारण राजीनामा से किया गया। विधुत विभाग, टेलीफोन विभाग व विभिन्न बैकों से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण आपसी समझाईस से प्री लिटिगेशन के माध्यम से कर 53 लाख रुपए से अधिक राशि के अवार्ड पारित किए गए। इस मौके पर मण्डफिया बार एसोशिएशन के अध्यक्ष चमनपाल सिंह सोलंकी सहित कई जने उपस्थित थे।

### जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**राजसमंद**, (नि.सं.)। राजसमन्द जन विकास संस्थान (महिला मंच) एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में भीम एवं कुम्भलगढ़ ब्लॉक में महिलाओं एवं किशोरियों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में भीम ब्लॉक में पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय भीम में किशोर-किशोरियों के साथ कैरियर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थान निदेशक शकुन्तला पामेचा ने बताया कि रिसोर्स पर्सन कुलदीप सिंह भाटी ने बच्चों को कॅरियर परामर्श दिया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रेम सिंह ने बताया कि स्कॅालरशिप योजना संचालित की जा रही है, सुकून परियोजना कार्यालय कितेला बस स्टैंड पर है। परियोजना प्रभारी अनिता वैरागी, कम्युनिटी मोबिलाइजर सीता रेगर, महाविद्यालय से प्रोफ़ेसर एवं 80 किशोर एवं किशोरिया मौजूद रही।

### नाथद्वारा से पद यात्री मंडफिया पहुंचे

मंडफिया, (नि.सं.)। नाथद्वारा से पद यात्रियों का जत्था मंडफिया दर्शन करने पहुंचा। नाथद्वारा निवासी पदयात्री तारा शंकर पालीवाल एवं अंबालाल सोनी ने बताया कि स्वर्गीय भगत प्यारेलाल की स्मृति में विगत 44 वर्षों से श्रीनाथजी की नगरी नाथद्वारा से मंडफिया (सांवलिया जी) एवं आवरी माता की पदयात्रा कर दर्शन करते हैं। लगभग 100 श्रद्धालु भाग लेते हैं। यात्रा शुक्रवार शाम को मंडफिया पहुंची व रात्रि विश्राम कर शनिवार सुबह सांवलियाजी सेठ के दर्शन कर आवरी माता दर्शन हेतु प्रस्थान कर गई।

### कुशलेश चौधरी को पी.एच.डी.

**उदयपुर** , (का.सं.) । जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि ने समाज कार्य संकाय में कुशलेश चौधरी को पंजायती राज व्यवस्था में युवाओं की भागीदारी तथा नवीन प्रवृत्तियों का एक अध्ययन : दक्षिणी राजस्थान के जनजातीय क्षेत्र के युवाओं के विशेष संदर्भ में शोध कार्य करने पर पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की। डॉ. चौधरी ने अपना शोध कार्य डॉ. सुनील चौधरी के निर्देशन में किया।

# लोक अदालत में राजीनामें से निपटाए मामले

**बांसवाड़ा**, (नि.सं.)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अठावाल के निर्देशन में किया गया। प्राधिकरण अध्यक्ष अठावाल ने उद्घाटन करते हुए पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को लोक अदालत के लाभों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत प्रकरणों के निस्तारण का सबसे सरल व प्रभावी तरीका है जिसमें दोनों पक्षो की जीत होती है तथा मामला वहीं समाप्त हो जाता है जिससे पक्षकारो के धन व समय की बचत होती है तथा उनके मध्य आपसी सौहार्द भी बढ़ता है। शुभारम्भ अवसर पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नवीन कुमार चौधरी, प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. अंजुम खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश मीणा, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लवी बोहरा सहित बैंकों एवं विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। प्राधिकरण सचिव सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य प्रि-लिटिगेशन में धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी, श्रम विवाद, पानी व बिजली के बिल अशमनीय के अलावा एवं अन्य दाण्डिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य सिविल विवाद और न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में शमनीय दाण्डिक अपराध, अन्तर्गत धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिठाहण मामले केवल जिला न्यायालय में लम्बित, बिजली व पानी के बिल अशमनीय के अलावा, राजस्व मामलें, मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से संबंधित सेवा मामलें, अन्य सिविल मामलें किराया सुखाधिकार, निषेधाज्ञा दावे एवं विनिर्दिष्ट पालना दावें आदि प्रकरणों का निस्तारण राजीनामे से किया जाना है। जिले में प्री-लिटिगेशन व लम्बित 57 हजार 588 प्रकरण चिन्हित किये गये जिसमें 36 हजार 136 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये चिन्हित प्रकरणों के निस्तारण के लिये जिले में 10 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। जिला मुख्यालय पर 6 बैंचों न्यायालय मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण, अपर जिला एवं सेशन न्यायालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट में बैंचों एवं तालुका स्तर पर कुशलगढ़, घाटोल, बागीदौरा एवं गढ़ी में एक-एक बैंच का गठन किया गया।

प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह ने बताया कि बैंक सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण पर आमजन को बैंकों द्वारा रियायत दी गई। आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने मूल ऋण पर लगने वाले ब्याज में तो रियायत मिली ही साथ ही मूल ऋण में भी रियायत प्राप्त कर अपने प्रकरण का निस्तारण करवाया। इससे न केवल प्रकरण का निस्तारण हुआ बल्कि ऋणी अपना रिकार्ड भी सही कर पाया।

**राजसमंद संवाददाता के अनुसार :** राजसमंद जिलेभर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1200 से अधिक लंबित प्रकरणों का निस्तारण हुआ। जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बताया कि जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल एवं सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 12 बैंच गठित कर 6000 से अधिक लंबित प्रकरण राजीनामे से निस्तारण के लिए रैफर किए गए थे। जिनमें से 1200 से अधिक लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं 9 करोड 81 लाख रुपये से अधिक की राशि के अवॉर्ड जारी हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। लोक अदालत में विभिन्न राजकीय विभागों जैसे विद्युत विभाग, टेलीफोन विभाग और विभिन्न बैंक जैसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बडौदा, श्रीराम फाइनेंस, एयू स्मॉल फाइनेंस, पंजाब नेशनल बैंक, आईआईएफएल, कैनरा बैंक, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, राजसमन्द इत्यादि के प्रतिनिधि समस्त रिकॉर्ड लेकर उपस्थित रहे और राजीनामा के मामलों में सक्रिय सहयोग किया। जिले के समस्त न्यायालयों में गठित बैंचों के समक्ष पक्षकारों की भीड रही। पक्षकारों ने वसूली के प्रकरणों में बैंक से छूट स्कीम का फायदा लेते हुए हाथों-हाथ राजीनामा किया। लोक अदालत के माध्यम से वर्षों से लंबित प्रकरणों का निस्तारण हुआ। जिससे पक्षकारों ने शीघ्र न्याय प्राप्त किया। मधुर संबंध बने रहे और न्यायालय फीस भी पुनः प्राप्त करेंगे। राजीनामा के बाद पक्षकार खुशी-खुशी अपने घर गए। जिला मुख्यालय पर गठित बैंचों में जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अश्विनी कुमार यादव, जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ममता सैनी और विशिष्ट न्यायाधीश एनआईएक्ट बैंच मीनाक्षी अमित चौधरी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे। लोक अदालत के बाद आभार प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने ज्ञापित किया।

**कपासन संवाददाता के अनुसार :** ताल्लुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, कपासन डॉ. महेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में गठित बैंच तथा सिविल न्यायाधीश, न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीलम नाहर की गठित न्यायपीठ में न्यायालयों अपर जिला एवं सेशन न्यायालय कपासन, न्यायालय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन, न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन में विचाराधीन प्रकरणों में से 83 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत पीठ के सदस्य जगदीश बमनिया तहसीलदार कपासन, अधिवक्ता अभय चपलोत, बार कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव, अधिवक्ता सहित रीडर गोपाल लाल, ताल्लुका सचिव देव तिवारी, कर्मचारी सोहन लाल पूर्बिया, पुनीत गुर्जर, पूनम सैनी, सुमित्रा, सहायक लोक अभियोजक सुनीता चावला, स्वयंसेवक कमलेश बारेगामा, ऋषि भट्ट, शाहरूख, शंभुलाल भील, पंकज भट्ट, शेरखान एवं बैंक शाखा प्रबंधक एवं बिजली विभाग के अधिकारी तथा पक्षकारानों ने समझाईश से कार्य किया।

## मलबा हटाते समय बालाजी की प्रतिमा निकली

**डूंगरपुर**, (नि.सं.)। डूंगरपुर के सलाटवाड़ा मोहल्ले में पुराने विजय स्कूल के जर्जर भवन का मलबा हटाते समय भगवान बजरंग बली की प्रतिमा निकली। एक पत्थर पर गदा के साथ बजरंग बली की प्रतिमा देखकर लोगों ने जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना शुरू कर दी।

पार्षद ब्रजेश कुमार सोमपुरा ने बताया कि मोहल्ले में स्थित पुराना विजय स्कूल का भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया है। स्कूल भवन को इन दिनों गिराने का काम चल रहा है। इसके लिए ट्रैक्टर के साथ ही मजदूर काम पर लगे हुए हैं। मलबे को हटाकर दूर डाला जा रहा है। इस दौरान शनिवार शाम के समय मलबे के नीचे एक बड़े पत्थर पर आकृति उभरी हुई दिखाई दी। मजदूरों ने इसकी जानकारी ठेकेदार मुकेश रोत को दी। सूचना पर पार्षद ब्रजेश कुमार सोमपुरा सहित वार्ड के लोग, हिंदू संगठनों के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंच गए। पत्थर पर उभरी आकृति की सफाई करने पर गदाधारी हनुमानजी की मूर्ति दिखी। लोगों ने पत्थर को खड़ा कर दिया। जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना शुरू कर दी। लोगों ने कहा कि इस जगह पर कभी भगवान का मंदिर या स्थान रहा होगा।

## भूविज्ञान विभाग की संगोष्ठी शुरू

**उदयपुर**, (का.सं.)। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग की पूर्व छात्र परिषद् एवं भूविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोज्य राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज शुभारम्भ हुआ।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जोधपुर स्थित जय नारायण व्यास विवि के कुलपति एवं भूवैज्ञानिक प्रोफेसर के.एल. श्रीवास्तव ने कहा कि देश के खनिज विकास में भूवैज्ञानिकों की अहम भूमिका होती है। उन्होने कहा कि उदयपुर स्थित इस भूविज्ञान विभाग का शिक्षा एवं शोध में एक अनुकरणीय इतिहास रहा है। यहाँ से शिक्षा प्राप्त कर निकले विद्यार्थियों नें देश के खनिज आधारित आर्थिक विकास में व्यापक योगदान दिया है। विशिष्ठ अतिथि के रूप में बोलते हुए राजस्थान खान एवं खनिज लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक बी.पी. कलाल ने कहा कि राजस्थान का भूविज्ञान न केवल विविधता पूर्ण है वरन् यहाँ सबसे अधिक प्रकार के खनिज भी उपलब्ध हैं।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा की

**उदयपुर**, (का.सं.)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शनिवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में जिला परिषद सभागार में हुई। इसमें सीएमएचओ प्रथम, सीएमएचओ द्वितीय, डिप्टी सीएमएचओ प्रथम, डिप्टी सीएमएचओ द्वितीय, एडिशनल सीएमएचओ, आरसीएचओ, डीपीसी डीडीडब्ल्यू, एसएमओ, डब्ल्यूएचओ, डीपीएम, यूपीएम, बीसीएमओ, बीपीएम, डीएनओ और जिले के सीएचसी प्रभारियों ने भाग लिया।

सीएमएचओ डॉ बामनिया ने बताया कि मौसमी बीमारियों पर चिकित्सा विभाग अभी अलर्ट मोड पर है। शहर में मौसमी बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए घर घर सर्वे और एक्टिविटी करवाई जा रही है। सीएमएचओ डॉ जी एम सैयद ने बताया कि चिकित्सा अधिकारी प्रभारी अपने क्षेत्र में प्रत्येक सेक्टर से रोज करवाई गई एक्टिविटी की रिपोर्ट भेजें। सीएचसी पर मौसमी बीमारियों की दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करें और अलग ओपीडी की व्यवस्था करें। डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन ने बताया कि मौसमी बीमारियों में कमी हुई है लेकिन एएनएम और आशाओं द्वारा की जा रही गतिविधियां पर्याप्त नहीं है। भौतिक सत्यापन और क्रास मेचिंग में गेप निकल कर आ रहे हैं। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी द्वारा मोनिटरिंग बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गांव-गांव में एएनएम और आशाओं को घर-घर सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश जारी किए हैं।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने बताया कि ई केवाईसी आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में कोटडा, गोगुंदा, ऋषभदेव और गिर्वा की प्रगति कम पायी गई हैं। आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि एएनसी रजिस्ट्रेशन में गेप को कम किया जाए।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 18.11.2023 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. अमर सिंह, 2. उदल मनोहर को दिया गया था, जिसमें 17.11.2023 को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रुपये 6,11,171.31/- (रूपये छः लाख ग्यारह हजार क सौ इकहत्तर और पैसा इकत्तीस मात्र) का भुगतान नोटिस प्राप्ती की तिथी से 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज सितम्बर 2024 के 24वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन रुपये 6,11,171.31/- (रूपये छः लाख ग्यारह हजार क सौ इकहत्तर और पैसा इकत्तीस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

सम्पत्ति पट्टा नं.5657, अराजी नं.703, ग्राम-चाकूरी, ग्राम पंचायत-गुन्दाली, पंचायती समिति एवं तहसील-भूपालसागर, जिला-चित्तौडगढ, राजस्थान-312202 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 933 वर्ग फिट, और सीमायें है- पूर्व-सोरभ / नाथू कुम्हार, पश्चिम-भंवर सिंह / मोती सिंह, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-नाथू / कालू गदरी

दिनांक- 24.09.2024
स्थान- राजस्थान
ऋण खाता संख्या- 64162537

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)



WORLD HEART DAY 29 SEP

GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS




दिल की सुने
गीतांजली चुने
Because Your Heart Deserves The Best!!

गीतांजली कार्डियक सेंटर के एक्सपर्ट्स

हृदय रोग विशेषज्ञ
- डॉ. रमेश पटेल
- डॉ. दिलीप जैन
- डॉ. गौरव कुमार मित्तल
- डॉ. शैलेंद्र दीक्षित

हृदय एवं वैस्कुलर सर्जन
- डॉ. संजय गाँधी
- डॉ. अंकुर कोठारी
- डॉ. गुरप्रीत सिंह

हृदय रोग निश्चेतना विशेषज्ञ
- डॉ. अंकुर गाँधी
- डॉ. कल्पेश मिस्त्री
- डॉ. सुमित तवरी
- डॉ. अर्चना देवतारा
- डॉ. श्रीकांत गुज्जा
- डॉ. श्रुति सोमानी

अत्याधुनिक कैथ लैब
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
40 बेडेड सीसीयू
30 बेडेड सीटीवीएस आईसीयू
24x7 डॉक्टर्स की उपलब्धता
24x7 कार्डियक इमरजेन्सी
नवजात, बच्चे व व्यस्कों के हृदय रोग का इलाज
नवीनतम तकनीकें

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना
राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)
सभी सरकारी, निजी, टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत ।

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर (राज.)
नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास
+91 97733 56092
+91 97845 96209